No. of Questions – 16
No. of Printed Pages - 01

Roll No. (नामांक) - | | | | |

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2017—18

कक्षा — 7 (सातवीं)

समय — 2.30 घण्टे **विषय — विज्ञान** **पूर्णांक — 50 अंक**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :—

1. **परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न—पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।**
2. **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**
3. **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।**

---

1. निम्नलिखित में से दाब का मात्रक है— 01
(अ) न्यूटन (ब) मी./से. (स) न्यूटन/मी^{2} (द) जूल ( )
2. इमली में कौन—सा अम्ल पाया जाता है— 01
(अ) लैक्टिक अम्ल (ब) सिट्रिक अम्ल (स) टार्टरिक अम्ल (द) एसीटिक अम्ल ( )
3. मनुष्य की मुखगुहा में कुल कृतनक दाँतो की संख्या होती है— 01
(अ) 2 (ब) 4 (स) 6 (द) 8 ( )
4. उत्परिवर्तन का सिद्धान्त किस वैज्ञानिक ने दिया— 01
(अ) लैमार्क (ब) डार्विन (स) ह्यूगो डी ब्रीज (द) मेंडल ( )
5. हाथ के अंगूठे में अस्थियों की संख्या होती है— 01
(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 4 ( )

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— (5×2 = 10)
(अ) समय का अन्तर्राष्ट्रीय मात्रक .... है।
(ब) अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने के प्रक्रम को .... कहते हैं।
(स) चूने के पानी में कार्बन—डाई—ऑक्साइड प्रवाहित होने पर दूधियापन का कारण .... परिवर्तन है।
(द) किसी द्रव का वाष्प में बदलना .... कहलाता है।
(य) रक्त में इन्सुलिन हार्मोन की कमी से .... रोग होता है।

7. समझाइए कि वायु की तरह द्रव भी दाब डालते हैं? 03
8. दो स्थानों के बीच की 100 किमी. दूरी को तय करने में एक बस 2 घंटे लेती है। बस की चाल ज्ञात कीजिए। 03
9. संतुलित आहार शरीर के लिए क्यों आवश्यक है? 03
10. समांगी मिश्रण एवं विषमांगी मिश्रण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 03
11. किशोरावस्था किसे कहते हैं? 03
12. रेडियो अल्ना अस्थि के बारे में बताइए। 04
13. श्वसन तन्त्र का सचित्र वर्णन कीजिए। 04
14. ऊँट के शरीर में क्या—क्या विशेषताएं होती हैं? जो उसे मरूस्थल में रहने के अनुकूल बनाती है? 04
15. लैमार्क के विकासवाद सिद्धान्त को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। 04
16. अम्ल तथा क्षारक में अन्तर लिखिए। 04

www.rajteachers.com